भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 663

दिनांक 17.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

गुजरात में शौचालयों के निर्माण के लिए निधि आबंटन

663. श्री नरनभैया जेमलभाई राठवाः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में शौचालयों के निर्माण का कोई लक्ष्य रखा गया है;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के लक्ष्य का ब्यौरा क्या है एवं इन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया गया है; और

(ग) उपरोक्त जिले में शौचालयों के निर्माण हेतु गत दो वर्षों के दौरान वर्ष–वार कितनी धनराशि आवंटित की गई एवं कितनी राशि का उपयोग किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) इस समय गुजरात के छोटा उदयपुर जिले के लिए शौचालय निर्माण का कोई लक्ष्य शेष नहीं है। इस जिले को पहले ही खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित किया जा चुका है।

(ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एक माँग आधारित कार्यक्रम है इसलिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जा सकते। तथापि, छोटा उदयपुर जिले में गत दो वर्षों के दौरान निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की संख्या निम्नलिखित है-

क्र.सं.	**वर्ष**	**निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की संख्या**
1	2016-17	71366
2	2017-18	4907

(ग) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एक माँग आधारित कार्यक्रम है, इसलिए जिलावार निधियाँ आबंटित नहीं की जातीं। तथापि, एसबीएम (जी) की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) के अनुसार गत दो वर्षों के दौरान जारी और उपयोग किया गया केंद्रीय शेयर निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	**वर्ष**	**जारी निधियां (करोड़ रूपए में)**	**उपयोग की गई निधियाँ (करोड़ रूपए में)**
1	2016-17	0	31.96
2	2017-18	11.77	12.53